

## एक नजर में



### एक्स मैन पैरामिलिट्री सेना कार्यकर्ताओं ने किया कार्यक्रम

**ग्वालियर 2 नवम्बर.** कानंफेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेज मार्टियर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने नीम पर्वत पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एक्स मैन, पैरामिलिट्री, सेना ,पुलिस, अध्यापक ,मीडिया कर्मियों, महिला ऐथलीट ,कुश्ती चैम्पियन अंतरराष्ट्रीय रानी राना ,गायत्री घोष साहिबा खान, स्कूली बच्चों, किसानों, शहर के व्यापारियों अन्य वर्ग के लोगों ने भाग लिया और अपने अपने विचार रखे। जयेंद्र सिंह राणा, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि एकत्र हुए एक्स मैनों में एस एस राठौर, दिनेश चन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र सिंह यादव, बुद्ध सिंह यादव, गजेन्द्र सिंह राजावत, जितेन्द्र सिंह राजावत, रूस्तम सिकरवार, रमन सिंह चौहान, सुलेमान खान, ज्ञान सिंह, कौशलेंद्र सिंह राठौड़, अर्जुन सिंह यादव, दिवाकर शर्मा, सुनील भरद्वाज, ए सी हरीशंकर, मेहताव सिंह, अमित श्रीवास्तव, प्रवीन शुक्ला, राकेश शर्मा पाराशर एवं अन्य 115 व्यक्ति सामिल हुए।

### ग्वालियर की अंजली गुप्ता बत्रा ट्यूनीशिया में करेंगी भारत का नेतृत्व



**ग्वालियर 2 नवम्बर.** शहर की बेटी और जेसीआई एलुमनाई क्लब इंडिया की राष्ट्रीय चेयरपर्सन जेसी अंजली गुप्ता बत्रा आगामी जेसीआई विश्व कांग्रेस में भारत का नेतृत्व करेंगी, जो 3 नवंबर से 8 नवंबर तक ट्यूनीशिया (नॉर्थ अफ्रीका) में आयोजित हो रहा है। यह विश्व सम्मेलन जेसीआई के 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित होगा, जिसमें वैश्विक नेतृत्व, नेटवर्किंग, और सामाजिक उत्थान के विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। भारत की ओर से जेसीआई एलुमनाई क्लब इंडिया का नेतृत्व करते हुए अंजली गुप्ता बत्रा अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की सशक्त आवाज बनेंगी।

### ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन का स्थापना दिवस मना

**ग्वालियर 2 नवम्बर.** ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन का स्थापना दिवस संस्था सदस्यों द्वारा मनाया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक ने स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद संगठन के 43 वर्ष पूर्ण होने पर सभी साथियों सदस्यों ,पदाधिकारियों, एवं विश्व भर के संपूर्ण ब्राह्मण समाज को फोन कर बधाई दी। इस अवसर पर पं. देवदत्त मिश्रा प्रांताध्यक्ष ने कहा कि ग्वालियर में संगठन विस्तार के लिए जल्द ही कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। संगठन के ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि आज के दिन हम सभी को संकल्प लेंना हैं कि, अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ेगें, रचनात्मक कार्यों को लेकर समाज हित में अपना सर्वोत्तम योगदान देंगे ।



### ट्रिपल आईटीएम में खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**ग्वालियर 2 नवम्बर** अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर में द्वितीय अंतर कर्मचारी खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 1 नवम्बर 2025 को हुआ। यह खेल महोत्सव 4 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। देशभर के 11 भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों से आए 250 से अधिक प्रतिभागी इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। खेल महोत्सव में क्रिकेट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल सहित कुल 12 से अधिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह का आयोजन ट्रिपल आईटीएम ग्वालियर के ओपन एयर थिएटर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर भारतेन्दु के. सिंह, निदेशक, जबलपुर थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रिपल आईटीएम ग्वालियर के निदेशक प्रोफेसर एस.एन. सिंह ने की। संस्थान की टीम ने बास्केटबॉल खेल से अपनी विजयी शुरुआत की। खेल महोत्सव का संयोजन संस्थान के खेल संकाय संयोजक डॉ. प्रवीन सिंग्या, डॉ. आलोक कमल और डॉ. प्रज्ञा शुक्ला द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी दीपा सिंह सिसोदिया के द्वारा दी गयी।

### शहर से फिर दो बाइक चोरी

ग्वालियर। शहर से बाइक चोरियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। आमजन की अनदेखी और पुलिस की ढील का फायदा असामाजिक तत्व उठा रहे हैं और आए दिन वारदातें करने में सफल हो रहे हैं। हजीरा व झांसी रोड थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर दो बाइक पार कर ले गए। हजीरा थाने में तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट पूरे एक सप्ताह बाद लिखी गई। कपिल जाटव निवासी किशनबाग बहोड़ापुर किसी काम से शनिवार को विजयानगर चेतकपुरी में रहने वाले रोमिल खेमानी के घर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक नम्बर एमपी07जेडक्यू-9053 को रोमिल खेमानी के घर के बाहर खड़ा कर दिया था कपिल काम निपटाकर वापस आया तो देखा बाइक घर के बाहर नहीं थी। अज्ञात चोर बाइक को कुछ मिनटों में ही चोरी कर ले गए। दूसरी तरफ हजीरा क्षेत्र से 25 अक्टूबर को गायब हुई हार्दिक राजपूत की स्कूटी का जब कहीं कुछ सुराग नहीं लगा तो पुलिस ने 7 दिन बाद मामला कायम कर लिया। हार्दिक राजपूत ने बताया कि उन्होंने अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी एमपी 07 जेडई-0536 के गायब होने की सूचना उसी दिन पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी और कह दिया कि बाद में आना। पूरे सात दिन बाद रिपोर्ट लिखी।



### हवन,प्रसादी के साथ श्रीश्याम खाटू का वार्षिक महोत्सव का समापन

ग्वालियर- श्री खाटू श्याम जी का 55 वा वार्षिक महोत्सव का आयोजन 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित किया गया था यह आयोजन परम श्रद्धेय भक्त शिरोमणि श्यामलीन श्री किशन बाबा जी के आशीर्वाद से मनाया गया एवं श्याम अग्रवाल के मार्ग दर्शन में किया गया इस आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए श्रीश्याम भक्त मंडल रजि के अध्यक्ष एम के अग्रवाल एवम् सचिव राजकुमार सर्राफ ने बताया कि श्याम भक्त मंडल रजि के इसमें इंद्राज म्यूज़िकल ग्रुप की रंगारंग प्रस्तुति लाईव मोरपंख क्रियेशन्स पर हुई,भव्य श्रृंगार दर्शन प्रतिदिन हुए आज 2 नवंबर रविवार को हवन और भंडारे के साथ समापन हुआ।

# 3 वर्षीय लापता बालक को जंगल,पहाड़ों में तलाश रही पुलिस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 नवम्बर.** मुरार थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव से लापता हुए 3 वर्षीय बालक को तलाशने के लिए पुलिस ने वृहद स्तर पर अभियान छेड़ा है। बालक शनिवार दोपहर में घर के सामने खेलते-खेलते गायब हुआ। घर के सामने ही जंगल, पहाड़ियां तथा ताल तलैया हैं, वहां पुलिस बालक की तलाश कर रही है। हालांकि रविवार दोपहर तक गायब हुए बालक का कोई सुराग नहीं लगा है, लेकिन पुलिस ने पूरी ताकत झौंक दी है। मोहनपुर गांव में काली माता मंदिर के पास रहने वाली सपना पाल का 3 वर्षीय बेटा शनिवार दोपहर 12 बजे घर के बाहर खेल रहा था। 12:30 बजे सपना घर के बाहर आई तो उसका बेटा नहीं था। आस-पास रहने वालों के यहां तलाशा लेकिन कुछ पता नहीं चला। शाम तक मोहनपुर के लोग गायब हुए बालक की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। देर शाम मुरार थाने पहुंचे और पुलिस को बालक के गायब होने की



जानकारी दी। 3 वर्ष के बालक के घर के सामने से अचानक गायब होने की बात पता चलते ही पुलिस सक्रिय हुई और रात में ही सर्चिंग अभियान छेड़ दिया।

सपना पाल मोहनपुर में जिस जगह रहती है उसके सामने ही जंगल है, ऊंचा पहाड़ियां हैं और सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि गांव में जो गड्?ढे हैं वह बारिश के कारण तलैया बने हुए हैं। इसलिए पुलिस हर एंगल से बालक की तलाश में जुटी है। तालाबों में झांका जा रहा है, गड्ढे देखे जा रहे हैं और जंगल क्षेत्र का चप्पा-चप्पा पुलिस ने रविवार सुबह से छानना शुरु कर दिया है। गांव और पुलिस के करीब डेढ़ सौ लोग मिलकर बालक की तलाश कर रहे हैं। बच्चे के अपहरण की आशंका से भी पुलिस ने इंकार नहीं किया है।

### मानसिक बीमार युवक बिना बताए घर से लापता

ग्वालियर-मानसिक रूप से बीमार युवक बिना बताए घर से लापता हो गया। घटना पुरानी छावनी इलाके की है। जब परिजनों को हरसंभव प्रयास करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं लगा, तो उन्होंने थाने पहुंचकर इसकी सूचना दी। जहां पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी गई है। पुरानी छावनी थाना क्षेत्रांतर्गत हीरा नगर स्थित रेलवे पटरी के पास रहने वाला 24 वर्षीय त्रिलोक सिंह पुत्र कृपाल सिंह सरदार मानसिक रूप से कमजोर है, जिसका इलाज भी चल रहा है। बीती 24 अक्टूबर की शाम आठ बजे के लगभग त्रिलोक घर पर किसी को बिना कुछ बताए अचानक कहीं चला गया। जब काफी देर तक वह नजर नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। आस-पड़ोस, परिचितों व रिश्तेदारों के अलावा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड सहित सभी संभावित स्थानों पर परिजनों ने उसे काफी तलाशा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा। चा दिनों तक परेशान होने के उपरांत अंतत: परिजनों ने थाने पहुंचकर इसकी सूचना दी। चूंकि लापता युवक बालिक है, जिससे पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर ली है। लापता त्रिलोक सिंह मानसिक रूप से बीमार होने से वह किसी को अपने बारे में अधिक जानकारी नहीं दे सकता है। ऐसे में उसका पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा घटनास्थल सहित रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए जा रहे हैं। जिनके जरिए कोई ना कोई क्लू अवश्य हाथ लगने से युवक का पता लग जाएगा।

# खाटू श्याम मंदिर पर मिला बालक, इंदौर में मिली अपहृत नाबालिग बालिका

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 नवम्बर.** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर मध्यप्रदेश में 1 नवंबर से 30 नवंबर तक मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के अनुक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह के द्वारा ग्वालियर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की बरामदगी हेतु प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अभियान के पहले ही दिन पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली हैं। शहर के महाराजपुर थाना पुलिस ने घर से बिना बताए गायब हुए नाबालिग बालक को खाटू श्याम मंदिर राजस्थान से और मुरार थाना पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को इंदौर से सकुशल बरामद कर लिया हैं।

**पहली सफलता-** प्रेमकुमारी (परिवर्तित नाम) निवासी आदित्यपुरम का भतीजा प्रदीप(परिवर्तित नाम) उम्र 14 साल 5 माह निवासी ग्राम भौती जिला शिवपुरी उनके घर पर रहकर पढ़ाई कर रहा था। 8 सितंबर की शाम करीब 4 बजे वह घर से बिना कुछ बताये कही चला गया है जो देर रात तक घर वापस नही आया। प्रेमकुमारी ने उसकी तलाश रिश्तेदारी व संभावित स्थानों पर की लेकिन वह जब नही मिला तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और बताया कि मुझे संदेह है कि मेरे भतीजे को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस टीम द्वारा अपहृत नाबालिग बालक की

**मुस्कान विशेष अभियान के पहले दिन अपहृत नाबालिग को ढुडनें में पुलिस को मिली दो सफलता**

आसपास के क्षेत्र में तलाश की गई और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। विवेचना में तकनीकी सहायता के आधार पर जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त अपहृत नाबालिग बालक खाटू श्याम(राजस्थान) में है। सूचना पर पुलिस टीम को खाटू श्याम (राजस्थान) गई जहां से उक्त अपहृत नाबालिग बालक को सकुशल बरामद कर लिया।

**दूसरी सफलता** - सुरेश (परिवर्तित नाम) निवासी हाथीखाना मुरार ग्वालियर ने थाना मुरार में रिपोर्ट कराई थी कि सुबह करीब 11.30 बजे मेरी लड़की रोशनी(परिवर्तत नाम) उम्र 13 साल 9 माह घर पर अकेली थी। जब दोपहर करीब 2.30 बजे वह घर आया तो रोशनी(परिवर्तत नाम) घर पर नहीं थी। मैंने अपनी लड़की की तलाश आसपास व रिश्तेदारियों में सभी जगह की लेकिन कोई पता नहीं चला। मेरी लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। अति. पुलिस अधीक्षक (मध्य/यातायात) श्रीमती अनु बेनीवाल द्वारा थाना प्रभारी मुरार को पुलिस की टीम बनाकर अपहर्ता की तलाश हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी मुरार मैना पटेल के द्वारा उक्त अपहृत नाबालिग बालिका की बरामदगी हेतु तकनीकी सेल एवं थाना मुरार पुलिस की टीम को लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका की आसपास के क्षेत्र में तलाश की गई और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त अपहृत नाबालिग बालिका इन्दौर में है। पुलिस ने बापूगांधी नगर लसूडिया इंदौर से उक्त अपहर्ता को बरामद कर वापस थाना मुरार आये और अपहृत नाबालिग बालिका के मिलने की जानकारी परिजनों को दी।



# आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित कर प्राप्त करें मदद

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 नवम्बर.** किसी भी आपात स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि तत्काल पुलिस को सूचित कर मदद प्राप्त करें। यह बात ऑपरेशन मुस्कान के तहत सिरोल टीआई गोविंद बागोली द्वारा लाइफलाइन ग्लोबल फाउंडेशन के तत्वावधान में चलाए जा रहे सिलाई, बुनाई, कढ़ाई व पार्लर कोर्स सीखने आ रही बालिकाओं व महिलाओं को नवीन कानून की जानकारी देकर जागरूक करते हुए कही गई। यहां बता दें कि पीएचक्यू के निर्देश पर प्रदेशभर में 130 नवंबर तक ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं व महिलाओं को कानूनी जानकारी से अवगत कराकर उन्हें जागरूक बनाना है। जिससे महिला संबंधी बालिकाओं व महिलाओं को उन्होंने नवीन कानून की जानकारी देने के साथ ही बताया, कि किसी अपराधों में कमी आ सके। इसी क्रम में सिरोल टीआई गोविंद बागोली अपनी टीम के साथ हुरावली चौराहा स्थित लाइफलाइन ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे।

किसी के भी बहकावे में ना आएं। यदि कोई ब्लैकमेल करने का प्रयास करता है, तो घबराएं नहीं बल्कि तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दें। जिससे उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान मौजूद महिला एसआई अर्चना ने मौजूद बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताते हुए उनके उपयोग की जानकारी दी, ताकि समय पर वह उसका इस्तेमाल कर सकें।

# तापमान ने पकड़ी रफ्तार रात में भी महसूस हुई गर्मी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 नवम्बर.** शहर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। पिछले कुछ दिनों से आसमान में छाए बादल हटते ही तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते रोज दिन का अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से लगभग 2 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी 4.8 डिग्री की बढ़त दर्ज की गई और यह 19.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अचानक बढ़ी गर्मी से लोग दिन और रात दोनों समय असहज महसूस कर रहे हैं।

**दिन का तापमान 30 .7 और न्यूनतम 19 .8 डिग्री पर पहुंचा**



शहरवासियों को अब रात में भी गर्मी का अहसास होने लगा है। बीते दो-तीन दिनों से रात के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। बीती रात गर्मी से परेशान लोगों को पंखे चलाने पड़े। नवंबर की शुरुआत में ही इस तरह की गर्मी ने लोगों को हैरान कर दिया है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह मौसमी उतार-चढ़ाव का परिणाम है, जो अगले कुछ दिनों तक बना रह सकता है।

### सुबह से ही चटख धूप, दोपहर में बढ़ी गर्मी

शहर में सुबह से ही सूरज की किरणों में तेजी देखी गई। जैसे-जैसे दिन चढ़ा, वैसे-वैसे गर्मी भी बढ़ती गई। दोपहर में लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो गया। सड़क पर काम करने वाले मजदूरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को धूप से बचने के लिए सिर पर कपड़ा और चश्मा लगाना पड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र ग्वालियर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते दिनों आसमान में बादल छाए थे, जिससे तापमान में गिरावट आई थी। अब बादल हटने के बाद धूप में तेजी आई है और दिन का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। विभाग के अनुसार, अगले दो-तीन दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभव है। रात के तापमान में भी फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं।

### मेले में दुकानों के आवंटन के लिये अब तक ऑनलाइन 845 आवेदन आए

**ग्वालियर 02 नवम्बर.** ग्वालियर व्यापार मेला वर्ष 2025-26 में देश भर के दुकानदार मेले में आकर अपना व्यवसाय करें और मेले की रौनक को और बढ़ाएं। इसके लिये इस वर्ष ऑनलाइन दुकानों का आवंटन किया जा रहा है। ऑनलाइन दुकान आवंटन का कार्य एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। अब तक 845 दुकानों के लिये ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री के निर्देश पर ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण कार्यालय द्वारा ऑनलाइन दुकानों के आवंटन से संबंधित दुकानदारों की समस्याओं का लगातार निराकरण किया जा रहा है। कोई भी दुकानदार मेला कार्यालय में आकर दुकानों के आवंटन की ऑनलाइन प्रक्रिया समझ सकता है। साथ ही अपनी समस्या का समाधान भी करा सकते हैं। मेला सचिव श्री सुनील त्रिपाठी ने बताया कि मेला के सभी सेक्टर में दुकान आवंटित कराने के लिये 6 नवम्बर तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।
















